## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 16.04.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- विश्व स्वास्थ्य संगठन ने महामारी की रोकथाम के लिए वन हेल्थ दृष्टिकोण, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और रसद नेटवर्क की स्थापना की है।
- ई–मार्केटप्लेस जेम ने एक लाख तीस हजार करोड़ से अधिक व्यक्तियों को बीमा की सुविधा प्रदान की है।
- ज़िला योजना समिति की कल शुरू हुई बैठक में विभिन्न विभागों की वार्षिक कार्य योजना पर चर्चा की गई।
- क्यारी की ओर से सिप्पीघाट और गाराचरमा फार्म में एग्रो इको वॉक इक्कीस अप्रैल से खोला जाएगा।

<><><><><><><>

विश्व स्वास्थ्य संगठन – डब्ल्यूएचओ के सदस्य देशों ने आज तीन वर्ष से अधिक समय तक चली वार्ता के बाद भविष्य की महामारियों से निपटने के लिए एक ऐतिहासिक समझौते को अंतिम रूप दिया है। इस समझौते में महामारी की रोकथाम के लिए वन हेल्थ दृष्टिकोण और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और रसद नेटवर्क की स्थापना शामिल है। मसौदे में विनियमन, लाइसेंसिंग समझौतों और अनुकूल वित्तपोषण शर्तों के माध्यम से प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया गया है। प्रस्ताव पर अब अगले महीने विश्व स्वास्थ्य सभा के समक्ष विचार किया जाएगा। इसमें कोविड–19 के दौरान हुई अराजकता के बाद वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देने के उपायों की रूपरेखा तैयार की गई है।

<><><><><><><>

सार्वजनिक खरीद के लिए भारत के सबसे बड़े ई–मार्केटप्लेस जैम ने वित्तीय वर्ष 2024–25 में स्वास्थ्य, जीवन और व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा पॉलिसियों को कवर करते हुए एक लाख तीस हजार करोड़ से अधिक व्यक्तियों को बीमा की सुविधा प्रदान की है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि जैम ने उसी वित्तीय वर्ष में 10 लाख जनशक्ति संसाधनों को भी काम पर रखा है। जैम के मुख्ये कार्यकारी अधिकारी अजय भादू ने कहा कि मार्केटप्लेस निर्बाध, सुरक्षित और रियायती दर पर खरीद समाधान प्रदान करने के लिए अपने प्लेटफॉर्म को लगातार बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार चैम्बर ऑफ कॉमर्स की ओर से नेताजी स्टेडियम स्थित वेलोड्रोम की मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया गया है। वेलोड्रोम की खराब स्थिति के कारण खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्राप्त करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। अंडमान चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष के. चन्द्रशेखरन ने कहा कि चैम्बर की ओर से वेलोड्रोम का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया गया, ताकि खिलाड़ी अपने खेल की तरफ ध्यान दे सके।

सचिव मदन लाल ने मरम्मत कार्य के तहत साइक्लिंग प्रेमी और अन्य खिलाड़ियों के लिए वेलोड्रोम को फिर से सुरक्षित और उपयोगी बनाये जाने पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आने वाले समय में ए सी सी आई ऐसे कार्यों में अपना योगदान देता रहेगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के ज़िला योजना समिति की तीन दिवसीय बैठक कल शुरू हुई। ज़िला परिषद के सम्मेलन कक्ष में आयोजित इस बैठक का उद्देश्य सात वर्षीय रणनीति और दो हजार पच्चीस–छब्बीस की वार्षिक कार्य योजना पर विचार–विमर्श करना है। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुशांत पाधा, सांसद, श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष, योजना वित्त और ग्रामीण विकास के सचिव और अन्य ज़िला योजना समिति के सदस्य उपस्थित थे। इस मौके पर ज़िला परिषद अध्यक्षा एम रजनी ने बैठक के उद्देश्य और महत्व का विस्तृत अवलोकन प्रस्तुत किया। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों की वार्षिक कार्य योजना पर चर्चा हुई, जिसमें कृषि, पशुपालन, स्वास्थ्य, नागरिक उड्डयन, शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र शामिल थे।

<><><><><><><>

केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान की ओर से सिप्पीघाट और गाराचरमा फार्म में एग्रो इको वॉक को आम जनता के लिए इक्कीस अप्रैल से खोला जा रहा है। सिप्पीघाट फार्म में, आयोजित इस एग्रो इको वॉक में पर्यटक मसाला–आधारित बागान क्षेत्र का दौरे के अलावा विश्व नारियल जर्मप्लाज्म केंद्र, मसाला प्रसंस्करण इकाई में मूल्य संवर्धन और कटाई के बाद की तकनीकों के अलावा मैंग्रोव व्यूपॉइंट द्वीप के तटीय पारिस्थितिकी तंत्र के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा ए.पी.जे. अब्दुल कलाम आयुर्वेदिका, औषधीय और सुगंधित पौधों के साथ पर्यटक नक्षत्र उद्यान का भी अनुभव कर सकते हैं। फार्म में द्वीपों की दुर्लभ और देशी पौधों की प्रजातियों से समृद्ध एक बागवानी नर्सरी भी है। एग्रो इको वॉक सोमवार से शनिवार तक सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे के बीच खुला रहेगा। प्रवेश टिकट संबंधित फार्म परिसर में बिक्री बिंदु पर उपलब्ध होंगे। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र की समृद्ध कृषि–जैव विविधता और वैज्ञानिक खेती प्रथाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

<><><><><><>

स्वच्छ भारत अभियान के तहत साफ–सफाई और स्वच्छता का जायजा लेने के लिए द्वीपों के पद्मश्री पुरस्कार विजेता और स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसेडर नरेश चन्द्र लाल ने आज माध्यमिक विद्यालय जंगलीघाट का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों और शिक्षकों से अपने स्कूल परिसर के साथ–साथ अपने घरों के आस–पास भी सफाई बनाए रखने का अनुरोध किया। इसके अलावा उन्होंने सभी छात्रों से हानिकारक पदार्थों से दूर रहते हुए खुद को फिट रखने को कहा। इस अवसर पर श्री लाल के साथ उप प्रधानाचार्य अजीज फातिमा और प्रधानाध्यापिका बलबीर कौर उपस्थित थीं।

<><><><><><>

डॉ. भीम राव अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में डी सी आर ए, चपरासी, चौकीदार और स्वीपर के पद के लिए लिखित ओएमआर आधारित परीक्षा की उत्तर पुस्तिका प्रशासन की भर्ती ई–पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। इसे कल शाम पांच बजे से देखा जा सकता है। इस संबंध में किसी भी प्रकार के दावे या आपत्ति विभाग के मेल पर बीस अप्रैल को शाम पांच बजे तक भेजे जा सकते हैं।

<><><><><><>

पांडिचेरी विश्वविद्यालय से संबद्ध डॉ. भीम राव अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान के जिन छात्रों के केवल 2 बकाया पेपर हैं, वे ऑनलाइन पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन करने के इच्छुक सभी छात्रों को विषय के विवरण के साथ एक आवेदन जमा करने को कहा गया है। विद्यार्थियों को पांच सौ रुपये प्रति विषय का डीडी वित्त अधिकारी, पांडिचेरी विश्वविद्यालय के पक्ष में इक्कीस अप्रैल तक जमा करना होगा।

<><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक ननकौड़ी में इक्कतीस दशमलव चार मिलीमीटर, लांग आइलैंड में चौबीस, हटबे में बाईस दशमलव चार और श्री विजयपुरम में ग्यारह दशमलव तीन मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। अगले तीन दिनों के लिए मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के एकाध स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा या गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

<><><><><><>